गिरफ्तारी | थाना पलोहा क्षेत्र में पवन पटेल पर हमले के मामले में पुलिस की प्रभावी कार्यवाही , मुख्य आरोपी गिरफ्तार

# घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**नवभारत/ नरसिंहपुर/ गाडरवारा।** रोड पलोहा पर फरियादी पवन पटेल के साथ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मारपीट एवं प्राणघातक हमला किया गया। घटना के संबंध में फरियादी की रिपोर्ट पर थाना पलोहा में अपराध क्र. 36/26 धारा 296-बी, 115(2), 351(3), 3(5), 109(1) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। फरियादी के अनुसार घटना के समय एक सफेद बोलेरो वाहन से चार अज्ञात व्यक्ति, जो चेहरे पर नकाब पहने हुए थे, उतरे। इनमें से दो व्यक्तियों ने फरियादी को पकड़ लिया तथा अन्य दो व्यक्तियों द्वारा डंडों से उसके पैरों (घुटनों के नीचे) पर हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाई गईं। अज्ञात आरोपियों की पतासाजी हेतु विशेष टीम का गठन ॰ घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक श्री ऋषिकेश मीना के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संदीप भूरिया के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस तेंदूखे ?ा श्री अभिनव मिश्रा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया एवं आरोपियों की



तत्काल पतासाजी एवं गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए गए थे। धटना को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी गिरफ्त में ॰ प्रकरण की जांच के दौरान पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज, चेक किए गए साथ की अन्य तकनीकी माध्यमों से जानकारी एकत्रित की गयी एवं मुखबिर के माध्यम से जानकारियों को एकत्रित कर सूचना के आधार पर संदेहियों की पहचान की गई। संदेही आशीष सिंह उर्फ रूद्रप्रताप सिंह चौहान एवं सोनू सिकरवार को अभिरक्षा में लेकर गहनता से पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया गया। पूर्व विवाद के चलते रंजिशवश घटना को दिया गया अजाम॰ पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि रूद्रप्रताप सिंह चौहान का फरियादी पवन पटेल के साथ विगत 15 दिनों से विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते आरोपी रूद्रप्रताप एवं सोनू सिकरवार द्वारा अपने अन्य साथियों के माध्यम से फरियादी का पीछा कराकर उस पर हमला कराया जाना बताया गया है।

**मुख्य भूमिका**

पुलिस द्वारा मुख्य आरोपी रूद्रप्रताप सिंह चौहान पिता जंगबहादुर सिंह उम्र 36 निवासी कराईच, अम्बाह, मुरैना एवं सोनू सिकरवार उम्र 29 साल, पिता गंगासिंह निवासी दनकशा, आगरा उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। घटना में शामिल अन्य चार आरोपियों की तलाश हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यवाही में मुख्य भूमिका अज्ञात आरोपियों की पतासाजी एवं गिरफ्तारी में थाना प्रभारी तेंदूखड़ा, किशोर वामनकर, थाना प्रभारी पलोहा बी.एल. त्यागी, चौकी प्रभारी सीहोरा उनि विजय पाल, सउनि शशांक दुबे, सउनि राकेश दीक्षित, प्रधान आरक्षक संजय शाह, आरक्षक वहादुर, आरक्षक नारायण मराबी, आरक्षक गौरीशंकर लोधी की मुख्य भूमिका रही है।

## स्टीम ग्लोबल स्कूल की मान्यता हुई समाप्त

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** सोमवार को विकास खंड शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में बी आर सी चांवरपाठा के द्वारा तेंदूखेड़ा के वार्ड क्रमांक 06 में संचालित स्टीम ग्लोबल स्कूल की मान्यता समाप्त कर दिये जाने संबंधी आदेश जारी करते हुए स्कूल परिसर में नोटिस चस्पा किए गए हैं। हमारे प्रतिनिधि को आरटीई पोर्टल से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्टेम ग्लोवल पब्लिक स्कूल तेन्दूखेडा पी एस 62957 डाइस कोड 23400622902 की मान्यता 31मार्च 2025 तक थी। जिसका नवीनीकरण कराने के लिये आवेदन ऑनलाइन प्रेषित किया गया किन्तु विद्यालय में मान्यता नवीनीकरण हेतु तय आरटीई के मापदंड पूर्ण न होने के कारण मान्यता नवीनीकरण की अनुशंसा नही की गई है। अत: आरटीई अधिनियम मान्यता 2009 के अनुसार नवीन शिक्षा सत्र 2025-26 में विद्यालय को संचालित नही कर सकेगें और न ही किसी कक्षा में बच्चों को प्रवेशित कर सकेंगे। इस सत्र में विद्यालय में अध्यनरत समस्त विद्यार्थियों के स्थानांतरण प्रमाण पत्र जारी कर निकटतम विद्यालय में प्रवेश कराना सुनिश्चित करें। जिससे अध्यनरत विद्यार्थियों को इस सत्र में वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित कराया जा सकें।

# अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही जीवनदायिनी दूधी नदी

**नवभारत/ साईंखेड़ा।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने के लिए प्रदेश व्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान (19 मार्च से 30 जून 2026) चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री की मंशा है कि नदियों और तालाबों का संरक्षण हो, लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट है। नगर साईंखेड़ा की पहचान और यहाँ की जीवनरेखा मानी जाने वाली दूधी नदी आज अपने अस्तित्व की अंतिम लड़ाई लड़ रही है।

### कल-कल बहने वाली धारा अब इतिहास

एक समय था जब दूधी नदी वर्ष के 12 महीने कल-कल ध्वनि के साथ प्रवाहित होती थी। नगरवासी न केवल यहाँ स्नान करते थे, बल्कि यह पशु-पक्षियों की प्यास बुझाने और किसानों के खेतों को सींचने का मुख्य आधार थी। आज स्थिति यह है कि नदी पूरी तरह जलविहीन होकर मैदान में तब्दील हो रही है। बुजुर्ग बताते हैं कि जिस नदी की धार में कभी बच्चे तैराकी करते थे, आज वहाँ धूल उड़ रही है।

### अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद, प्रशासन मौन

नदी के सूखने का एक बड़ा कारण प्राकृतिक कम और मानव-निर्मित ज्यादा है। प्रशासनिक ढिलाई का



फायदा उठाकर कुछ रसूखदार लोगों ने नदी की जमीन पर कब्जा करना शुरू कर दिया है। नदी के पाट में मिट्टी डालकर उसे समतल किया जा रहा है। किनारे की जमीन पर अवैध बाड़ी और बाड़ लगाकर निजी कब्जा जमा लिया गया है। इन हरकतों से नदी का प्राकृतिक बहाव क्षेत्र पूरी तरह बाधित हो गया है, लेकिन राजस्व विभाग और स्थानीय प्रशासन ने अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया है। अभियान के औचित्य पर उठते सवाल वर्तमान में सरकार जल संरक्षण के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च करने का दावा कर रही है। साईंखेड़ा के नागरिकों का सवाल है कि जब सरकारी रिकॉर्ड में यह अभियान सक्रिय है, तो दूधी नदी जैसी प्राचीन धरोहर की सुध क्यों नहीं ली जा रही न तो नदी के गहरीकरण का कोई प्रयास हुआ और न ही जल संचय के लिए कोई ठोस योजना धरातल पर दिखी। जनता की मांग॰ हो सीमांकन और गहरीकरण नगरवासियों और पर्यावरण प्रेमियों ने प्रशासन तथा जनप्रतिनिधियों से पुरजोर मांग की है कि॰ नदी की भूमि का तत्काल सीमांकन कर अतिक्रमण हटाया जाए। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नदी में स्टॉप डैम या चेक डैम का निर्माण हो। वर्षा ऋतु से पूर्व गहरीकरण और सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर किया जाए। दूधी नदी हमारी सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर है। यदि समय रहते इसे नहीं बचाया गया, तो आने वाली पीढ़ियां हमें कभी माफ नहीं करेंगी। सरकार को कागजी आंकड़ों से निकलकर नदी की जमीन पर काम करने की जरूरत है नगरवासी, साईंखेड़ा।



## हर्ष पटेल शक्ति पीठ में हुए सम्मानित

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** विगत दिनों गायत्री शक्तिपीठ पीठ शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में संपन्न हुई भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में गायत्री परिवार तेंदूखड़ा के अंतर्गत शासकीय विद्यालय भामा के कक्षा आठवीं के छात्र हर्ष पिता राघवेंद्र सिंह लोधी ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिसे भोपाल शक्ति पीठ में प्रमाण पत्र और तीन हजार रुपए नगद राशि से छात्र हर्ष और उसके पिता को सम्मानित किया गया। साथ ही आदर्श शिक्षिका प्रतिमा शर्मा को भी सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के लिए सभी वरिष्ठ परिजन जिनमें प्रेमचंद शाक्य परीक्षा प्रभारी रामसनेही शर्मा सर्वोत्तम शर्मा अशोक नेमा रामशंकर वर्मा मंजू श्रीवास्तव हेमलता शर्मा भारती कौरव कल्पना चौकसे रिद्धी श्रीवास्तव अविनाश बेलाकर मुकेश पटैल वृंदावन पटैल रामकुमार ठाकुर आर पी सिंह राजेश कौरव विनोद श्रीवास्तव शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# बेटियां दो कुलों की पहचान और संस्कारों की जननी

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा** बेटियां दो कुलों की कीर्ति को बढ़ाती है इन्हें कमल कीर्ति भी कहा जाता है।आदि पुराण में गर्भ धारण करने से लेकर निर्वाण तक 53 क्रियायें बताई गई है। जिसमें अच्छे विचारों से लेकर भोजन रहन सहन अच्छे चल चित्र देखने अच्छा सात्विक भोजन धार्मिक आध्यात्मिक वातावरण में रहने धर्म कर्म करने का महत्व बताया गया है।उसी आधार पर गर्भवती महिलाएं बनने पर अपनी संतानों को संस्कारवान बनाती है।मातायें ही संस्कारों की जननी है। इसलिए उसे कमल कीर्ति भी कहा जाता है उक्ताशय के विचार दस दिवसीय श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन के दौरान ब्रह्माचारी नरेश भैया के द्वारा प्रवचन के दौरान व्यक्त किए गए।4



अप्रेल से 13 अप्रेल तक चलने वाले इस महायज्ञ को लेकर दिगम्बर जैन मंदिर से ग्राम के मुख्य मार्गो से विशाल मंगल कलश यात्रा के साथ महामंडल विधान का श्रीगणेश हुआ। विधानाचार्य ब्रह्मचारी नरेश भैया के मंगल सानिध्य में सुबह श्री जी का अभिषेक शांतिधारा पूजन तथा शाम को सागर से आई संगीत पार्टी के द्वारा श्रीजी की महा आरती एवं भैया जी के प्रवचन हो रहें हैं। दिगम्बर जैन समाज के नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन इंद्र इंद्राणियों एवं समस्त जैन समाज द्वारा श्री की आराधना पूजन की जा रही है। इस वृहद आयोजन में सकल दिगम्बर जैन समाज के साथ सर्व समाज उपस्थित हो कर धर्म लाभ ले रहे है।

### इन्हें मिला सौभाग्य

श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान में प्रथम दिवस 8 अर्ध एवं द्वितीय दिवस 16 अर्ध चढ़ाए गए। इसी क्रम में 8 दिन लगातार अर्ध चढ़ाए जाएंगे। इस महाआयोजन में मुख्य पात्र सौ धर्म इंद्र सिंघई अशोक मीरा जैन कुबेर इंद्र सिंघई दीपक प्रीति जैन मैना सुंदरी सिंघई अंकित नम्रता जैन महायज्ञ नायक सिंघई राजकुमार आभा जैन यज्ञ नायक सिंघई कोमल चंद्र मुन्नी जैन एवं सामान्य इंद्र इंद्राणी बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

## चलती ट्रेन में रेल अधिकारी को आया हार्ट अटैक 108 कर्मियों ने सीपीआर देकर बचाई जान

**नवभारत/ गोटेगांव।** श्रीधाम रेलवे स्टेशन पर 108 एंबुलेंस सेवा के कर्मचारियों की तत्परता और सूझबूझ से एक रेल यात्री की जान बच गई। मामला आधारताल इंटरसिटी एक्सप्रेस का है, जहाँ सफर कर रहे नरसिंहपुर वन विभाग के अधिकारी गोपाल प्रसाद पटेल को अचानक छाती में तेज दर्द उठा और वे कोच संख्या डी2 में बेहोश हो गए। ट्रेन में मौजूद अन्य यात्रियों ने तत्काल 108 एंबुलेंस सेवा को सूचना दी। सूचना मिलते ही पायलट मिथुन और ईएमटी शोभाराम बिना समय गंवाए रेलवे स्टेशन पहुँचे। स्थानीय जागरूक नागरिक टेकचंद और आनंद कस्तवार की मदद से अचेत अवस्था में मरीज को एंबुलेंस में



शिफ्ट किया गया। अस्पताल ले जाते समय एंबुलेंस कर्मियों ने निरंतर सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) देना शुरू किया, जिससे मरीज की सांसें वापस लौट आईं। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोटेगांव में भर्ती कराया गया, जहाँ से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए जबलपुर रेफर कर दिया है।

**एक नजर में**




## सुविधाजनक हुई रसोई गैस की आपूर्ति उपभोक्ता घर बैठे प्राप्त करें सिलेंडर

**नवभारत/ गोटेगांव।** नगर स्थित जेपी गैस एजेंसी द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई है। एजेंसी संचालक ने बताया कि वर्तमान में गैस सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे अपनी वास्तविक आवश्यकता के अनुसार सिलेंडर बुक करें और नियमानुसार उसे अपने घर पर ही प्राप्त करें। भारत पेट्रोलियम द्वारा नियमित रूप से गैस की सप्लाई सुनिश्चित की जा रही है, जिससे क्षेत्र में किसी भी प्रकार की किल्लत की स्थिति नहीं है। एजेंसी प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि उपभोक्ताओं को किसी भी तरह से परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग के उपरांत निर्धारित प्रक्रिया के तहत होम डिलीवरी की सुविधा निरंतर जारी रहेगी। उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि वे आधिकारिक बुकिंग माध्यमों का उपयोग करें ताकि समय पर सुरक्षित आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

## नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ अनुष्ठान प्रारंभ

**नवभारत/ गोटेगांव।** नर्मदा तट मुआर घाट पर नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ का अनुष्ठान रविवार से प्रारंभ हो गया है। प्रथम दिवस मां नर्मदा के पावन तट पर पंडित संतोष शास्त्री द्वारा विधिवत पूजन-अर्चन संपन्न कराया गया, जिसके उपरांत कलश यात्रा निकाली गई। यह अनुष्ठान 108 महंत उमाचरण दास त्यागी महाराज (मौनी बाबा) के सानिध्य में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य यजमान बद्री चौकसे, बिट्टू चौकसे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से इस नौ दिवसीय अनुष्ठान में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील की है। आगामी 9 दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्रीय श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

## नर्मदा तट पर युवाओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

**नवभारत/ गोटेगांव।** मां नर्मदा युवा सेवा समिति के तत्वाधान में नगर के युवाओं ने एक सराहनीय पहल करते हुए पावन तट पर वृहद सफाई अभियान चलाया। इस दौरान युवाओं ने एकजुट होकर घाटों पर फैली गंदगी और कचरे को हटाया। यह अभियान नर्मदा जी के प्रति श्रद्धा और कर्तव्य का एक भावनात्मक प्रदर्शन रहा। युवाओं ने उपस्थित श्रद्धालुओं से अपील की कि वे पूजन सामग्री, हवन सामग्री, पॉलिथीन और गंदे कपड़े नदी में न डालें। समिति के सदस्यों ने कहा कि मां नर्मदा हमारी जीवनदायिनी हैं और उनकी निर्मलता बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। युवाओं ने संकल्प लिया कि वे भविष्य में भी इस पावन धारा के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सेवाभावी युवा उपस्थित रहे।




## पंचमुखी हनुमान महाराज की प्रतिमा की स्थापना

**नवभारत/ गोटेगांव।** स्थानीय पटेल वार्ड स्थित मां नर्मदा मंदिर में श्री पंचमुखी हनुमान जी महाराज की प्रतिमा की स्थापना श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुई। मंदिर समिति के तत्वावधान में पुजारी लखन लाल शास्त्री द्वारा वैदिक विधि-विधान से पूजन व अभिषेक कराया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया, जिससे पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। महाआरती के उपरांत भक्तों में प्रसाद का वितरण किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने हनुमान जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## आंगनबाड़ी केंद्र के लिए 11 लाख से अधिक राशि स्वीकृत होने पर पार्षद ने जताया आभार

**नवभारत/ गाडरवारा।** निश्चित ही जब क्षेत्र का जिम्मेदार जनप्रतिनिधि निष्ठावान होता है, तो वह अपने क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ता। ऐसी ही कार्यशैली इन दिनों क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह में देखने को मिल रही है, जो जनहित से जुड़े मुद्दों पर त्वरित निर्णय लेने के लिए जाने जाते हैं। बीते दिनों नगर के सुभाष वार्ड की पार्षद मंजू गजेंद्र राडवे ने छोटे बच्चों के शिक्षा से वंचित रहने की समस्या को मंत्री के समक्ष रखा था। इस पर गंभीरता दिखाते हुए मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से सुभाष वार्ड में नवीन आंगनवाड़ी भवन निर्माण हेतु 11 लाख 22 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की है। इस स्वीकृति से अब वार्ड में नया आंगनवाड़ी केंद्र स्थापित होगा, जिससे क्षेत्र के बच्चों को



बेहतर शिक्षा एवं सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। यह पहल बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। मंजू गजेंद्र राडवे ने मंत्री विधायक उदय प्रताप सिंह एवं नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा का आभार का व्यक्त किया।

# कलेक्टर रजनी सिंह ने समय सीमा की बैठक ली

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों और अभियानों की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने सभी अधिकारियों को विभागीय कार्यों और योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए। सभी अधिकारी भ्रमण करेंगे और इसकी जानकारी गूगल फार्म में भरकर उपलब्ध कराएंगे। बैठक में सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, एसडीएम और जिला अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने बैठक में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि लंबित शिकायतों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जाए। उन्होंने हर घर नल जल योजना एवं जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत पेयजल की उपलब्धता, जल स्त्रोतों




के संरक्षण एवं संवर्धन से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। पीएचई विभाग को निर्देशित किया कि पेयजल संबंधी आ रही समस्याओं का निराकरण तत्परता से करें। मैदानी अमले को गांव-गांव जाकर पेयजल संबंधी समस्या का निराकरण करने का निर्देश दे। कलेक्टर ने ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए जल आपूर्ति की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और जल संरक्षण की गतिविधियों को जनभागीदारी के साथ संचालित करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जिले में भूसा की स्थिति अच्छी है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि नरवाई जलाने वालो को नोटिस जारी किए जाएं। कनेक्टर सिंह ने बैठक में संबल योजना एवं समग्र ई-केवायसी के प्रगति की समीक्षा करते हुए हितग्राहियों का शत-प्रतिशत पंजीयन एवं सत्यापन सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने गेहूं उपार्जन के संबंध में केन्द्र निर्धारण, लंबित पेंशन प्रकरणों, किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आदि के संबंध में विस्तार से चर्चा की। आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति की समीक्षा कर प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गौशाला प्रबंधन की समीक्षा करते हुए।

# नरसिंहपुर की सभी तहसीलों में प्रदेश आव्हान पर सौंपा गया ज्ञापन

## समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तारीख बार-बार बढ़ाने पर किसानों में रोष

**नवभारत/ साईखेड़ा।** भारतीय किसान संघ किसानों की समस्याओं को लेकर तहसील मुख्यालय पर ज्ञापन सौंपा जिसमें मांग की गई . समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी की तारीख बार-बार बढ़ाने पर किसानों में रोष व्याप्त है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। जहाँ सरकार किसानों आय दो गुना से आठ गुना तक बढ़ाने की बात कर रही कृषि कल्याण वर्ष मना रही है । गेहूं खरीदी शीघ्र प्रारंभ कराई जाए सहकारी बैंकों द्वारा 0त्न ब्याज पर सेवा सहकारी संस्था की ड्यू डेट 28 मार्च के बाद नहीं बढ़ाए जाने पर किसानों को साल भर का 7त्न ब्याज एवं 14त्न दंड लग गया इससे किसानों पर आर्थिक बोझ आ गया। क्यों कि सरकार ने गेहूँ खरीदी की तारीख 10 अप्रेल कर दी और सोसायटी के पैसे जमा करने की तिथि 28 मार्च ऐसे में किसान पेसे कहा से जमा करेंगे ऐसे




में करीब 60त्न किसान डिफॉल्टर हो गए हैं पिछले वर्ष के डिफाल्टर किसानों को सरकार द्वारा ब्याज की राशि वापस करने का वादा किया था जो आज तक पूरा नहीं हुआ है । . गेहूँ के खापे (पराली) जलाने पर किसानों पर स्नढ्ढक्र करना बहुत ही गलत है ।अन्न दाता को जेल भेजना एवं अर्थदंड लगना ठीक नहीं है इससे तो यह प्रतीत होता है कि सरकार किसानों के प्रति कितनी गंभीर है किसानों के देशद्रोही जेसा व्यहवार किया जा रहा है जो इस देश को अन्न उत्पादन कर देता है हम देश जवाबदार जन संघठन होने के नाते सरकार को यह चेतावनी देते हैं कि सरकार जब तक पराली के निष्पादन के लिए कोई स्थाई हल नहीं निकाले तब तक किसानों पर कोई कार्यवाही नहीं की जाए । इस बार किसानों ने दिन, रात कड़ाके की ठंड में मेहनत एवं सरकार के द्वारा उपलब्ध संसाधन से मध्य प्रदेश में गेहूँ का बंपर उत्पादन हुआ है सरकार को 11 क्विंटल प्रति बिघा के हिसाब से गेहूँ की खरीदी समर्थन मूल्य पर करना चाहिए।

**बिजली प्रदान की जाए**

जिम्मेदारों को चिन्हित करके कार्यवाही होना चाहिए। ग्रीष्म कालीन मूंग खरीदी का पंजीयन सरकार शीघ्र शुरू करे। बेमौसम कहीं बारिश कहीं ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाया जाए किसानों को मूंग बोवाई के समय सल आने तक पर्याप्त बिजली प्रदान की जाएं। जले हुए ट्रांसफार्मर साइईखेड़ा विद्युत डीसी से बदले जाएं गाडरवारा लेने ना जाना पड़े। उक्त समस्याओं की शीघ्र निदान किया जाए । साईं खेड़ा में ज्ञापन सौंपते समय राकेश खेमरिया पूर्व जिला अध्यक्ष विजय मालपानी तेजसिंह तोमर संभागीय सदस्य नितिन तिवारी जिला मीडिया प्रभारी तहसील अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह राजपूत मंत्री विश्वनाथ शर्मा बाबूलाल पटेल बृजेश अवस्थी अनुराग चौकसे भोपाल सिंह पटेल उपाध्यक्ष गोविंद सिंह राजपूत उपस्थित रहे।

## साईखेड़ा को 50 लाख की सौगात, क्षेत्र के विकास के आयाम रच रहे उदय प्रताप सिंह

**नवभारत/ साईखेड़ा।** विधानसभा क्षेत्र गाडरवारा के अंतर्गत चहुंओर विकास की बयार है। देखने में आ रहा है कि पूर्व में गाडरवारा क्षेत्र जिस तरह भाई भतीजावाद, अवैध कब्जा और मनमानी के हवाले था, उसके इतर वर्तमान में गाडरवारा सर्वोन्मुखी विकास के लिए पहचाना जाने लगा है। सत्ता को लाठी के जोर पर चलाने वालों में इसे लेकर झुंझलाहट भी है, जो दिख भी रही है। सेवा, सुचिता और शालीनता के साथ विकासपरक राजनीति को आगे रखकर जनता के हितों को सर्वोपरि मानते हुए क्षेत्र के विधायक और मध्य प्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र के नित नूतन विकास के आयाम में एक और कड़ी जुड़ते हुए नगर परिषद साईखेड़ा को विकास की नई सौगात से नवाजा गया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मध्य प्रदेश द्वारा प्रदेश के नगरीय निकायों में विशेष अधोसंरचना विकास कार्यों हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में विशेष निधि मद अंतर्गत नगर पालिका गाडरवारा के अंतर्गत राजीव वार्ड में नाला निर्माण हेतु 50 लाख रुपए एवं नगर परिषद साइखेड़ा में विविध अधोसंरचना विकास कार्यों हेतु 50 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, सुमित कुमार सोनी, निवासी- बजरंग वार्ड, कंदेली,नरसिंहपुर जिला-नरसिंहपुर (म.प्र.), यह घोषित करता हूँ कि मेरी पुत्री जिसका जन्म प्रमाण पत्र में नाम त्रुटिवश शिवान्या सोनी अंकित हो गया है, जबकि मेरी पुत्री का सही नाम श्रीनिका सोनी है। मेरी पुत्री को उसके सही नाम श्रीनिका सोनी के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

बजरंग वार्ड,कंदेली,नरसिंहपुर जिला,नरसिंहपुर (म.प्र)